उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2025

(ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में)

संख्याः पीआरपीबी–बी(कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–21/2025, दिनांकः जनवरी, 2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत अभ्यर्थियों से सूचना/विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–बी(कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–21/2025, दिनांक 16.12.2025 द्वारा दिनांक 16.12.2025 से 15.01.2026 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

2– अभ्यर्थियों द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2025 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन किये जाने का अवसर प्रदान किये जाने के विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त हो रहे आग्रहों के दृष्टिगत अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु दिनांक 16.01.2026 को प्रातः 06:00 बजे से दिनांक 18.01.2026 को प्रातः 06:00 बजे तक आवेदन पत्र में संशोधन (Modification) किये जाने हेतु मात्र एक अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3– अभ्यर्थियों द्वारा बोर्ड की **वेबसाइट https://uppbpb.gov.in** पर इस निमित्त दिये गये लिंक **https://apply.upprpb.in** पर जाकर रजिस्टर्ड एकाउण्ट क्रेडेंशियल अथवा आधार आई0डी0 अथवा डिजीलॉकर के माध्यम से अपने अकाउण्ट में लॉगिन करके उसमें दिए गये Application History के Modify Details से टैब/सेक्शन में जाकर अपने विवरण में संशोधन (Modification) कर सकते हैं। **अभ्यर्थी आवेदन पत्र में ओ0टी0आर0 से प्राप्त किये गये (Fetch) विवरण तथा अपलोडेड फोटो को संशोधित नहीं कर सकेंगे।**

4– अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु **मात्र एक अवसर प्रदान किया गया है।** अतएव संशोधित आवेदन पत्र अन्तिम रूप से "अपडेट" किये जाने से पूर्व प्रत्येक खण्ड/टैब के अन्तर्गत अपना विवरण पूर्ण सावधानी से दर्ज एवं चेक कर लें। एक बार संशोधित आवेदन पत्र "अपडेट" करने के पश्चात आप दर्ज किये गये विवरण में कोई संशोधन नहीं कर पायेंगे तथा पुनः संशोधन का कोई अवसर उपलब्ध नहीं होगा।

5– आवेदन पत्र पंजीकरण करने में आ रही किसी भी समस्या के निराकरण हेतु अभ्यर्थी हेल्प लाइन नम्बर–1800 9110 005 पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 07:00 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकते हैं।

15/1/26

(डी0 प्रदीप कुमार)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।